पत्रांक–06–सू०प्रा०–14 / 2026 .....

बिहार सरकार

सूचना प्रावैधिकी विभाग

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक०),
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक .....

विषयः– राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पारिस्थितिकी तंत्र, कौशल विकास एवं नवाचार को सुदृढ़ करने हेतु ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN), सिंगापुर को बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम सं०–131 ज्ञ(त) के तहत नामांकन के आधार पर चयन तथा आर्यभट्ट दृष्टि (The Aryabhata Drishti) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु कुल संशोधित राशि ₹ 190,32,00,000.00 (एक सौ नब्बे करोड़ बत्तीस लाख) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

आदेशः– स्वीकृत।

बिहार सरकार नये–नये तकनीकों का समावेश कर नवाचार के माध्यम से राज्य के विकास हेतु कृत संकल्पित है। वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से एक परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में स्थापित हो रही है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि शोध, नवाचार एवं इस क्षेत्र के अग्रणी उद्योग एवं संस्थाओं का सहयोग प्राप्त कर राज्य को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे वैश्विक परिवर्तनकारी क्षमता रखने वाले क्षेत्र में बिहार राज्य एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित हो, जिससे राज्य के सामाजिक, आर्थिक एवं क्षेत्रीय विकास को गति मिल सके।

उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु विभागीय संकल्प सं०–2224 दिनांक 25.11.2025 के द्वारा बिहार राज्य को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने हेतु बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके मुख्य उद्देश्यों में एक यह भी है कि AI प्रक्षेत्र के अग्रणी उद्योगों / संस्थानों की सहभागिता प्राप्त करने हेतु इनका चयन करना तथा राज्य में ए०आई० पारिस्थितिकी का निर्माण करना है। साथ ही साथ बिहार को पूर्वी भारत का टेक हब के रूप में विकसित किया जाना है।

2. मंत्रिपरिषद के स्वीकृति के पश्चात विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–798 दिनांक : 14.05.2026 द्वारा राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पारिस्थितिकी तंत्र, कौशल विकास एवं नवाचार को सुदृढ़ करने हेतु ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN), सिंगापुर को बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम सं०–131 ज्ञ(त) के तहत नामांकन के आधार पर चयन तथा The Aryabhata Drishti परियोजना के क्रियान्वयन हेतु कुल राशि ₹ 209,00,00,000.00 (दो सौ नौ करोड़) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान की गयी है कि विदेश मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक–Q/States/103/42/2018 दिनांक 23.03.2023 के आलोक में वित्तीय एवं अन्य शर्त्तों पर भारत सरकार से पूर्व सहमति प्राप्त कर ली जायेगी एवं उसकी अनुशंसा के आलोक में ही अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

3. सूचना प्रावैधिकी विभाग ने पत्रांक : 816 दिनांक : 15.05.2026 के द्वारा राज्य में कृत्रिम बुद्धिमता (AI) पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं निवेश को बढ़ावा देने हेतु सूचना प्रावैधिकी विभाग एवं ग्लोबल फाइनेंस एवं टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN) सिंगापुर के बीच Project Collaboration से संबंधित प्रस्ताव पर सहमति के लिए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया गया, जिसके आलोक में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने ज्ञापांक : AC/202/ 144/2026 दिनांक : 27.07.2026 के द्वारा यह सूचित किया गया कि राजनीतिक दृष्टिकोण से विदेश मंत्रालय को कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही साथ पत्र में यह भी उल्लेखित किया गया है कि राज्य सरकार द्वारा लागू नियमो एवं विनियमों के अनुसार नामांकन के आधार पर परियोजना आवंटित करने सहित इसके Financial Implication के संबंध में निर्णय लिया जा सकता है।

4. उक्त के संदर्भ में सी–डैक, जो इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्था है तथा उच्च प्रदर्शन कम्प्यूटिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमता की विशेषज्ञता रखती है को तकनीकी मूल्यांकन का कार्य सौपा गया। इनके द्वारा GFTN के प्रस्तावित आर्किटेक्चर, डेटा गवर्नेंस, विस्तार–क्षमता तथा AI फ्रेमवर्क के विभिन्न घटकों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। साथ हीं साथ वित्तीय मूल्यांकन एजेन्सी आईडीबीडीआई कैप्टिल मार्केट एण्ड सिक्यूरिटी लि० का चयन सीमित निविदा के माध्यम से किया गया। इनके द्वारा परियोजना के विभिन्न घटकों की लागत, संसाधन संबंधी मॉडल तथा प्रचलित बाजार मानकों के अनुरूपता की गहन समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय मूल्यांकन किया गया।

5. सी–डैक से प्राप्त तकीनकी सुझावों तथा IDBI Capital द्वारा अनुशंसित व्यावसायिक संशोधनों को समाहित करने के उपरान्त GFTN के द्वारा संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, जिसमें प्रमुख निम्नलिखित बिन्दु समाहित है :–

i. सी–डैक द्वारा मूल्यांकन (Vetted) किए गए तकनीकी विनिर्देश, कार्यान्वयन के चरण एवं प्रमुख उपलब्धि–बिंदु, सेवा–स्तर तथा डेटा सुरक्षा एवं बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित रूपरेखाओं को सम्मिलित किया गया है।

ii. IDBI Capital की अनुशंसाओं के अनुरूप युक्तिसंगत लागत संरचना, कार्य–निष्पादन/परिणाम आधारित चरणबद्ध भुगतान व्यवस्था तथा वाणिज्यिक शर्तें को सम्मिलित किया गया है, जिसके फलस्वरूप राज्य सरकार को कुल राशि ₹ 18,68,00,000.00 (अठारह करोड़ अड़सठ लाख) मात्र की बचत होगी।

राज्य की जनसंख्या का लगभग 60% भाग कार्यशील आयु–वर्ग में है तथा आई०आई०टी० पटना, आई०आई०एम० गया, आई०आई०आई०टी० भागलपुर, एन०आई०टी० पटना, एम्स पटना एवं अनेक राजकीय विश्वविद्यालयों का सुदृढ़ नेटवर्क राज्य की शोध, कौशल एवं नवाचार क्षमताओं को सशक्त बनाता है। बिहार का GSDP वर्ष 2024–25 में ₹ 9.9 लाख करोड़ को पार कर गया है जिसमें 13.1% की वृद्धि दर रही है। ऐसे में राज्य के जनसांख्यिकीय लाभांश (Demographic Dividend) को तकनीक–सक्षम रोजगार, निवेश एवं समावेशी विकास में परिवर्तित करने का ऐतिहासिक अवसर उपलब्ध है।

6. मेसर्स ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क [एकाउंटिंग एण्ड कॉरपोरेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी (ACRA), सिंगापुर, निबंधन सं०–202445311E], सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (Monetary Authority of Singapore – MAS) द्वारा Nov., 2024 में स्थापित एक Not-for-Profit संस्था है, जिसका मुख्यालय सिंगापुर में स्थित है। GFTN का वैश्विक नेटवर्क 130 देशों की सरकारों, वित्तीय संस्थाओं, तकनीकी कंपनियों, निवेशकों एवं शिक्षण संस्थाओं तक विस्तृत है। यह संस्था तीन एकीकृत स्तंभों – GFTN Connections, GFTN Solutions एवं GFTN Capital – के माध्यम से संचालित होती है। GFTN ने ओडिशा, उज्बेकिस्तान, अफ्रीका एवं लैटिन अमेरिका में सफलतापूर्वक सरकारी साझेदारी परियोजनाएँ क्रियान्वित कर रही है।

7. मेसर्स ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN), के चयन से निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्त्ति होगी :–

- GFTN, NUS-AIDF (नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर – एशियन इंस्टीच्यूट ऑफ डिजिटल फाइनेंस) तथा लाइनक्स फाउंडेशन के सहयोग से 5 माह का उन्नत AI सर्टिफिकेशन प्रोग्राम संचालित किया जाएगा।
- पाठ्यक्रम में AI Fundamentals, Generative AI, Agentic AI, AI Governance, AI Ethics, कोडिंग एवं AI-based Systems विकास सम्मिलित होंगे।
- 5 वर्षों में 7,000 विद्यार्थियों (STEM/गैर–STEM, स्नातक/ स्नातकोत्तर) को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम 60% Virtual एवं 40% Physical प्रारूप में होगा।
- मेसर्स ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN) के माध्यम से AI एवं Quantum-enabled डिजिटल Sandbox प्लेटफॉर्म (Aryabhata Technology Observatory) का सृजन किया जाएगा। बिहार की विशिष्ट चुनौतियों के समाधान हेतु स्टार्टअप्स उद्यमियों, छात्रों, रिसर्चर एवं सरकारी अधिकारियों को AI/ML APIs, Data Pipelines, LLM Gateway तथा Cloud IDE प्रदान करेगा।
- ATO की संरचना में ALFIN Engine (Agnostic AI Integration), Q-FINEX (क्वांटम फाइनेंस इंडस्ट्री एक्सपेरिमेंटेशन), ऑटोमेटेड हैकथॉन प्लेटफॉर्म तथा डेटा मार्केटप्लेस सम्मिलित हैं।
- GFTN के 12 वैश्विक मंचों (Singapore FinTech Festival, Point Zero Forum Zurich, Black Swan Summit, Bangkok Digital Finance Forum, GFTN Forum Japan आदि) के माध्यम से बिहार को वैश्विक निवेशकों, तकनीकी कंपनियों एवं नीति–निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।
- बिहार के लिए बिहार पवेलियन, इन्वेस्टर आवर्स, राउंडटेबल मीटिंग, MoU हस्ताक्षर समारोह एवं ब्रांडिंग गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।

8. उक्त योजना के क्रियान्वयन के क्रम में लगभग 7000 छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। साथ हीं साथ लगभग 2100 रोजगार के अवसर सृजित होंगे एवं लगभग 683.00 करोड़ का प्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव होना अनुमानित है।

9. मेसर्स ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN) सिंगापुर द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजना की कुल प्राक्कलित राशि ₹ 190.32 करोड़ मात्र है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

(INR करोड़ में)

विवरण	वर्ष 1	वर्ष 2	वर्ष 3	वर्ष 4	वर्ष 5	योग
1. कौशल विकास (7000 प्रशिक्षु)	9.44	9.46	9.49	12.58	12.61	53.59
क. सर्टिफिकेशन इन ए.आई.	9.44	9.46	9.49	12.58	12.61	53.59
2. नवाचार (ATO– Aryabhata Technology Observatory)	10.62	4.74	4.74	4.74	4.74	29.56
क. अप–फ्रन्ट सेटअप कॉस्ट	7.81					7.81
ख. प्लेटफार्म मेनटेंनेश – लाईसेंसिंग कॉस्ट	2.80	4.74	4.74	4.74	4.74	21.75
3. अर्थव्यवस्था (वैश्विक मंच, स्टार्टअप त्वरण)	9.00	9.30	9.64	10.01	10.42	48.37
क. पोजेसिंनिंग फॉर इनवार्ड इंभेसअमेंट अपोरच्युनिटी एण्ड पार्टरशीप प्रोग्रामस फॉर सेक्टोरल सोकेश	5.93	5.93	5.93	5.93	5.93	29.63
ख. स्टार्टअप एसिलेरेशन	3.07	3.38	3.71	4.09	4.49	18.74
टोटल (INR करोड़ में)	29.05	23.50	23.86	27.33	27.77	131.52
एड–ऑन इन्फ्रास्ट्रक्चर रण कॉस्ट टू इंडिया ए.आई.	5.95	5.95	5.95	5.95	5.95	5.95
ग्रैंड टोटल (INR) including करोड़ में) एड–ऑन इन्फ्रास्ट्रक्चर रण कॉस्ट	35.00	29.45	29.82	33.29	33.73	161.29
कुल योग (GST /18: सहित)	41.30	34.76	35.19	39.28	39.80	190.32

10. उक्त राशि की निकासी मुख्य शीर्ष–2852–उद्योग, उपमुख्य शीर्ष–07– दूर संचार और इलेक्ट्रॉनिक उद्योग, लघु शीर्ष–202– इलेक्ट्रॉनिक, उप शीर्ष–01 09–ई.–शासन राज्य योजना, विपत्र कोड–25-2852072020109, विषय शीर्ष–0109–28–04–व्यावसायिक/कला/तकनीकी सेवाएँ अन्तर्गत उपबंधित राशि से किया जाएगा।

11. GFTN द्वारा विभिन्न मदों में प्राक्कलित राशि की गणना US Dollar (USD) एवं भारतीय मुद्रा (INR) में की गयी है, एवं GFTN एतद् हेतु USD में चार्ज करेगा, जिसका Indicative Exchange Rate 15th October, 2026 के आधार पर रु० 95.00 प्रति USD यूज किया गया है। GFTN को सूचना प्रावैधिकी विभाग द्वारा भुगतान भारतीय मुद्रा INR में किया जाएगा। USD-INR exchange rate में उक्त indicative rate में 10% की विचलन होने पर वित्त विभाग की सहमति से सूचना प्रावैधिकी विभाग के द्वारा exchange rate का पुनरीक्षण एवं mutual adjustment किया जाएगा।

12. वित्त विभाग के संकल्प सं०–12888 दिनांक 03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में योजना के समीक्षा प्राधिकार, लोक वित्त समिति की अनुशंसा एवं स्वीकृति प्राधिकार मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान की गयी है कि IDBI एवं C-DAC से KPI एवं अन्य शर्त्तें प्राप्त हुई है, जिस पर विभाग ने सहमति व्यक्त की है, इसे एकरारनामा में शामिल किया जाय एवं समय–समय पर इन शर्त्तों का अनुपालन प्रशासी विभाग द्वारा कराया जाएगा।

13. वर्णित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पारिस्थितिकी तंत्र, कौशल विकास एवं नवाचार को सुदृढ़ करने हेतु ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN), सिंगापुर को बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम सं०–131 ज्ञ(त) के तहत नामांकन के आधार पर चयन तथा आर्यभट्ट दृष्टि (The Aryabhata Drishti) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु कुल संशोधित राशि ₹ 190,32,00,000.00 (एक सौ नब्बे करोड़ बत्तीस लाख) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति उक्त कंडिका–12 में निहित शर्तों के अधीन प्रदान किया जाता है।

14. योजनान्तर्गत राशि की निकासी वित्त विभाग के पत्रांक–2561 दिनांक 17.04.1998 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत किया जायेगा।

15. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी एवं भुगतान प्रशाखा पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना के द्वारा मेसर्स ग्लोबल फाइनेंस एण्ड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (GFTN), सिंगापुर से Invoice प्राप्त होने के उपरान्त CFMS प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

16. आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

17. प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् द्वारा दिनांक 10.11.2026 को मद् संख्या–01 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–
(अंजन कुमार गुप्ता)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः 06–सू०प्रा०–14 / 2026 ..... पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपि : अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को बिहार राजपत्र के विशेष संस्करण में प्रकाशित करने के लिए। अनुरोध है कि प्रकाशित राजपत्र की 1000 प्रतियां मुद्रित करें तथा इस विभाग को उपलब्ध कराएं।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः 06–सू०प्रा०–14 / 2026 ..... पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपि : मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव / मुख्य सचिव, बिहार, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी / विकास आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः 06–सू०प्रा०–14 / 2026 ..... पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपि : सभी अपर मुख्य सचिव / सभी प्रधान सचिव / सभी सचिव / सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः 06–सू०प्रा०–14 / 2026 ..... पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त / स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली / सभी जिला पदाधिकारी / सभी उप विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः 06–सू०प्रा०–14 / 2026 ..... पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपि : Chief Executive Officer, Asia, Central Asia and Europe & Co-Chief Executive Officer, GFTN Connect, GFTN Services Pte. Ltd., 6 Battery Road, #28-01, Singapore-049909 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः 06–सू०प्रा०–14 / 2026 2351 पटना, दिनांक 13/11/2026

प्रतिलिपि : आई०टी० प्रबन्धक, सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को संकल्प की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/26
सरकार के अवर सचिव।